ई-न्यूज
# 24 न्यूज अपडेट
WebSite.: https://24newsupdate.in
उदयपुर, शनिवार 21 जून 2025
Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com
वर्ष 2 अंक 81


## 22 राज्यों में आज भारी बारिश की चेतावनी:दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ को छोड़कर पूरे देश में पहुंचा मानसून



**24 न्यूज अपडेट**

मानसून तेज रफ्तार से उत्तर भारत में पहुंच गया है। शुक्रवार को उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर के कुछ इलाकों में एंट्री कर ली है। अब केवल दिल्ली, हरियाणा, चंडीगढ़ और पंजाब में ही मानसून का पहुंचना बाकी है। हालांकि शनिवार शाम दिल्ली के कई इलाकों में तेज बारिश हुई।

फिलहाल मानसून राजस्थान के 50% हिस्से को कवर कर चुका है। आज 30 जिलों में बारिश का येलो अलर्ट है। कुछ जिलों में तेज गर्मी पड़ रही है, शुक्रवार को श्रीगंगानगर में 42.8 डिग्री पारा रहा। जोधपुर में बरसात के कारण पुलिया की रपट पर भरे पानी से कार फिसलकर नीचे नाले में गिर गई। इससे उसमें सवार तीन लोगों की मौत हो गई।

मध्यप्रदेश के आखिरी बचे 2 जिले- भिंड और मऊगंज में भी मानसून शुक्रवार को पहुंच गया। उत्तर प्रदेश में मानसून ने दो दिन के अंदर लखनऊ समेत 56 जिलों को कवर कर लिया है।


उत्तर प्रदेश के सिर्फ 19 जिले ऐसे हैं, जहां मानसून का एक्टिव होना बाकी है। आज मौसम विभाग ने पूर्वी उत्तर प्रदेश, पूर्वी मध्य प्रदेश में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

22 जूनः हिमाचल, उत्तराखंड, बिहार, गुजरात, असम, मेघालय, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, कोंकण-गोवा, में बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। जबकि राजस्थान, पंजाब, तेलंगाना, झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा, तटीय कर्नाटक, ओडिशा, बंगाल, सिक्किम, केरल, मध्य प्रदेश में भारी बारिश की चेतावनी है।

23 जूनः हिमाचल, सिक्किम, बंगाल,म मध्य प्रदेश, पूर्वी राजस्थान, गुजरात, सौराष्ट्र-कच्छ, मध्य महाराष्ट्र-कोंकण गोवा में बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। जबकि पश्चिमी राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, झारखंड, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, ओडिशा, कर्नाटक, ओडिशा, बंगाल में भारी बारिश की चेतावनी है।

मानसूनी बारिश ने पूरे मध्यप्रदेश को तरबतर कर दिया है। नदी-नाले उफान पर होने से कई रास्ते बंद हो गए हैं। ऐसा ही मौसम अगले 24 घंटे यानी शनिवार को भी बना रहेगा। मौसम विभाग ने पूर्वी हिस्से के जिलों में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। यहां अगले 24 घंटे में 4 से 8 इंच तक पानी गिर सकता है।

## अहमदाबाद हादसे के बाद एयर इंडिया की बुकिंग 20 प्रतिशत घटी, किराया 15 प्रतिशत सस्ता



**24 न्यूज अपडेट**

पिछले सप्ताह विमान दुर्घटना के बाद घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर एयर इंडिया की उड़ानों की बुकिंग में लगभग 20 प्रतिशत की गिरावट आई है. इंडियन एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स (आईएटीओ) के अध्यक्ष रवि गोसाईं ने शुक्रवार को यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि इस दौरान एयरलाइन के औसत किराए में आठ से 15 प्रतिशत की गिरावट आई है. एयर इंडिया के प्रवक्ता ने इस बारे में पूछे जाने पर कुछ भी कहने से मना कर दिया. पिछले सप्ताह 12 जून को 242 यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को लेकर लंदन जा रहा एयर इंडिया का विमान एआई-171 अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था.

शहर के मेघाणीनगर क्षेत्र में उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद विमान एक मेडिकल कॉलेज परिसर पर गिर गया। इसमें विमान में सवार एक व्यक्ति को छोड़कर सभी की मौत हो गई, जबकि जमीन पर मौजूद लगभग 29 लोगों की भी मौत हो गई.

गोसाईं ने कहा, "इस हादसे के बाद हमने बुकिंग में, खासकर अंतरराष्ट्रीय क्षेत्रों में अस्थायी गिरावट देखी है, हालांकि, सटीक प्रतिशत मार्ग के अनुसार अलग-अलग है, लेकिन हमारे अनुमानों से पता चलता है कि अंतरराष्ट्रीय बुकिंग में लगभग 18-22 प्रतिशत की गिरावट आई है और तत्काल बाद घरेलू स्तर पर 10-12 प्रतिशत की गिरावट आई है. हालांकि, यह एक अल्पकालिक धारणा आधारित प्रतिक्रिया लग रही है, क्योंकि आम तौर पर समय के साथ चीजें ठीक हो जाती है."

## अहमदाबाद हादसा-एअर इंडिया के 3 अफसरों को हटाने का आदेश:DGCA ने एयरलाइन से 10 दिन में रिपोर्ट मांगी



**24 न्यूज अपडेट**

अहमदाबाद हादसे के बाद DGCA ने शनिवार को एअर इंडिया को 3 अफसरों को हटाने का आदेश दिया। इनमें डिविजिनल वाइस प्रेसिडेंट चूड़ा सिंह, क्रू शेड्यूलिंग करने वाली चीफ मैनेजर पिंकी मित्तल और क्रू शेड्यूलिंग की प्लॉनिंग से जुड़ी पायल अरोड़ा शामिल हैं।

तीनों अफसरों के खिलाफ यह कार्रवाई एविएशन सेफ्टी प्रोटोकॉल के गंभीर उल्लंघन को लेकर की गई। DGCA ने एअर इंडिया को तत्काल प्रभाव से इन्हें क्रू शेड्यूलिंग और रोस्टरिंग से जुड़े रोल से हटाने का आदेश दिया।

उधर, एअर इंडिया ने कहा कि DGCA के आदेश को लागू कर दिया गया है। कंपनी के चीफ ऑपरेशन्स ऑफिसर अगले आदेश तक इंट्रीग्रेटेड ऑपरेशन्स कंट्रोल सेंटर की सीधी निगरानी करेंगे। न्यूज एजेंसी PTI के मुताबिक, आदेश 20 जून को दिया गया था, जो आज सामने आया।

यह फैसला अहमदाबाद में 12 जून को हुए प्लेन क्रैश हादसे के बाद लिया गया। लंदन जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट AI-171 उड़ान भरने के तुरंत बाद क्रैश हो गई थी। प्लेन मेडिकल कॉलेज हॉस्टल से टकराया था, जिससे यात्रियों समेत कुल 270 लोग मारे गए थे।

## बिना लगेज पटना पहुंचीं एअर इंडिया की 2 फ्लाइट:पैंसेजर्स का पटना एयरपोर्ट पर हंगामा; एयरलाइन ने कहा- घर तक पहुंचाएंगे सारा सामान



**24 न्यूज अपडेट**

शनिवार को पटना पहुंचीं एअर इंडिया की 2 फ्लाइट यात्रियों का लगेज लिए बिना ही लैंड हुईं। बेंगलुरु से पटना पहुंची फ्लाइट IX2936 कुछ यात्रियों का सामान लिए बिना पटना पहुंची। इसी तरह चेन्नई से पटना पहुंची फ्लाइट XI1634 के भी कुछ यात्रियों का लगेज छोड़ आई।

इसके बाद से एयरपोर्ट पर यात्रियों का हंगामा शुरू हो गया। एअर इंडिया ने यात्रियों से कहा कि 'वजन ज्यादा हो गया था, इसलिए लगेज नहीं ला पाए।'

यात्रियों से एअर इंडिया की तरफ से कहा गया कि 'पटना एयरपोर्ट का रनवे छोटा है और बारिश हो रही थी। इसलिए हैवी सामान नहीं आ सका है। आज एअर इंडिया की कोई भी फ्लाइट पटना नहीं आ रही है, इसलिए कल सुबह 8 बजे तक सामान पहुंचने की बात कही गई है।'

एयरपोर्ट अथॉरिटी ने बताया कि 'इंटरनेशनल कनेक्टिंग फ्लाइट है। इसमें कभी-कभी ऐसी परेशानी आ जाती है। जो पैसेंजर पहले आते हैं उनका सामान बाद में आता है उनकी डिलीवरी घर तक की जाती है इसमें कोई परेशानी की बात नहीं है।' लगेज नहीं मिलने पर यात्री भड़क गए। एयरपोर्ट पर जमकर हंगामा किया। एअर इंडिया ने कहा कि यात्रियों का सामान सीधे उनके घर पहुंचा दिया जाएगा। एअर इंडिया के ग्राउंड स्टाफ और CISF के जवानों ने यात्रियों को शांत कराया। कई ऐसे पैसेंजर भी थे, जिन्हें दूसरी फ्लाइट पकड़नी थी। लेकिन, लगेज नहीं आने के कारण उन्हें काफी परेशानी हुई।

### पैसेंजर को नहीं दी गई जानकारी

फ्लाइट में सवार विवेक शर्मा ने बताया- 8:30 बजे के करीब हमारी फ्लाइट बेंगलुरु से पटना लैंड हुई। अनाउंसमेंट के बाद अपना लगेज लेने गए तो सामान वहां नहीं पहुंचा था।

एअर इंडिया की तरफ से कहा गया कि बारिश के कारण लगेज भारी हो गया है। इस कारण लगेज नहीं लाया गया है। इसकी जानकारी किसी भी पैसेंजर को नहीं दी गई थी। अभी भी कोई गारंटी नहीं दी गई है कि हमारा लगेज कब तक आएगा। सिर्फ एक रिसिप्ट दी गई है। कहा गया है कि आज या कल तक हमारे घर पहुंचा दिया जाएगा।

हमने जब एयरपोर्ट अथॉरिटी से इसकी शिकायत की तो कहा गया है कि वो लोग चेक कर रहे हैं। आज-कल में हमारे घर लगेज पहुंचा दिया जाएगा। इसके लिए हमारी डिटेल भी लिखी गई है। कई पैसेंजर अब अपने घर जा रहे हैं, तो कई अभी भी लगेज का इंतजार कर रहे हैं।'

चेन्नई से आए पैसेंजर शिवाजी ने कहा कि 'मेरी पुणे से कनेक्टिंग फ्लाइट थी। मैंने एक्स्ट्रा लगेज के लिए 3500 रुपए दिए हैं। लैंडिंग पर हमें कहा गया कि बेल्ट 3 पर हमारा लगेज आएगा।'

## टॉप-10 कंपनियों में 6 की वैल्यू 1.62 लाख करोड़ बढ़ी:एयरटेल-HDFC टॉप गेनर, बजाज फाइनेंस की वैल्यू घटी; जानें मार्केट-कैप के घटने-बढ़ने के मायने




**24 न्यूज अपडेट**

मार्केट वैल्यूएशन के लिहाज से देश की टॉप-10 कंपनियों में से 6 की वैल्यू इस हफ्ते के कारोबार में 1.62 लाख करोड़ रुपए बढ़ी है। इस दौरान टेलीकॉम कंपनी भारती एयरटेल टॉप गेनर रही।

एयरटेल का मार्केट कैपिटलाइजेशन 54,056 करोड़ रुपए बढ़कर 11.04 लाख करोड़ रुपए पहुंच गया है। इस दौरान देश की सबसे वैल्यूएबल कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड मार्केट कैप 50,070 करोड़ बढ़कर 19.82 लाख करोड़ हो गया है।

### बजाज फाइनेंस की वैल्यू 17,876 करोड़ घटी

शेयरों की बिक्री के मामले में तीसरे नंबर पर HDFC बैंक रहा। इस दौरान कंपनी ने 38,504 करोड़ के शेयर्स बेचे, अब कंपनी का मार्केट कैप 15.07 लाख करोड़ हो गया है। वहीं, बजाज फाइनेंस टॉप लूजर रही। कंपनी की वैल्यू 17,876 करोड़ रुपए कम होकर 5.62 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया है।

इसके अलावा TCS की वैल्यू 4,613 करोड़ कम होकर 12.43 लाख करोड़, हिंदुस्तान यूनिलीवर की वैल्यू 3,336 करोड़ कम होकर 5.42 लाख करोड़ और लाइफ इंश्योरेंश कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया यानी LIC की वैल्यू 1,107 करोड़ कम होकर 5.92 लाख करोड़ पर आ गई है।

## सोनम, राज को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा:राजा के लिए 'कफन' लेकर आया था राज



**24 न्यूज अपडेट**

ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की हत्या के मामले में आरोपी सोनम और राज कुशवाह को कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा है। दोनों आरोपियों को दो दिन की पुलिस रिमांड पूरी होने के बाद पूर्वी खासी हिल्स के जिला एवं सत्र न्यायालय में पेश किया गया था।

उधर, मामले में एक और सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। ये सीसीटीवी फुटेज उस दिन का है, जिस दिन राजा का शव मेघालय से इंदौर उसके घर लाया गया था। राजा के घर के फुटेज में हत्या का आरोपी राज कुशवाह भी दिख रहा है। उसने कफन जैसा एक सफेद कपड़ा भी किसी को दिया। राज हार-फूल भी लेकर आया था।

### सोनम के पिता को ढांढस बंधाता दिख रहा राज

राज सोनम के पिता देवी सिंह के साथ नजर आ रहा है। वह देवी सिंह को बार-बार ढांढस बंधाता दिख रहा है, जबकि उसे पहले से ही इस वारदात की जानकारी थी। इसके बावजूद वह राजा के अंतिम संस्कार में शामिल हुआ। सीसीटीवी में नजर आ रहा है कि वह कॉल पर भी किसी से बात कर रहा है। पुलिस को शंका है कि वह यहां हो रही गतिविधियों की जानकारी किसी को कॉल पर दे रहा है। इस बात का भी अंदेशा है कि वह राजा के घर की पूरी जानकारी सोनम को दे रहा हो।

## फ्लाइट में फ्यूल कम था, पायलट ने मेडे कॉल की:गुवाहाटी से चेन्नई जा रही इंडिगो फ्लाइट की बेंगलुरु में इमरजेंसी लैंडिंग, 168 पैसेंजर्स थे



**24 न्यूज अपडेट**

अहमदाबाद प्लेन हादसे के करीब एक हफ्ते बाद एक और फ्लाइट के पायलट ने मेडे (MAYDAY) कॉल किया था। इंडिगो की गुवाहाटी-चेन्नई फ्लाइट के पायलट ने यह इमरजेंसी कॉल किया था। जानकारी शनिवार को सामने आई है। घटना 19 जून की है।

पायलट ने विमान में फ्यूल की काफी कमी देखी थी, इसके बाद उसने ATC (एयर ट्रैफिक कंट्रोल) को मेडे यानी इमरजेंसी कॉल की थी। हालांकि, इस फ्लाइट की तुरंत बेंगलुरु एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई।

अहमदाबाद में 12 जून को हुए प्लेन क्रैश हादसे में यात्रियों समेत कुल 270 लोग मारे गए थे। लंदन जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट AI-171 उड़ान भरने के तुरंत बाद क्रैश हो गई थी। प्लेन टेकऑफ के कुछ सेकेंड बाद मेडिकल कॉलेज हॉस्टल से टकराया था। इस हादसे में भी पायलट ने मेडे कॉल की थी।

MAYDAY कॉल एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त इमरजेंसी कॉल है। एविएशन की भाषा में, इसका इस्तेमाल तब किया जाता है जब कोई विमान खतरे में हो। यह विमानन के क्षेत्र में सबसे जरूरी संकटकालीन सिग्नल है।

## किराए के मकान में नकली नोट छापने की फैक्ट्री:जबलपुर का रैकेट MP में फैला रहा था नेटवर्क; 18 लाख के जाली नोट खपाते पकड़ाया

**24 न्यूज अपडेट**

जबलपुर पुलिस ने करीब 18 लाख रुपए के नकली नोट खपाने की साजिश रच रहे गिरोह का खुलासा किया है। इस गिरोह का मास्टरमाइंड ऋतुराज विश्वकर्मा किराए के मकान में ही नकली नोटों की छपाई का कारखाना चला रहा था। पुलिस ने मामले में अब तक 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक फरार है। गिरोह पूरे मध्य प्रदेश में जाली नोट खपाने की तैयारी में था, जिसमें उन्हें भारी कमीशन के बदले नकली नोट असली नोटों में बदलवाने का नेटवर्क खड़ा करना था। दरअसल, हनुमानताल पुलिस ने सोमवार (16 जून) को मुखबिर की सूचना पर सबसे पहले रवि दाहिया (55) को मदार टेकरी के पास से गिरफ्तार किया था। उसके पास से 2 लाख 94 हजार रुपए के 500-500 रुपए के नकली नोट बरामद हुए थे।

### 1 लाख नकली नोट दिए, तीस हजार के असली लिए

पूछताछ में रवि ने बताया कि ये नोट उसे आधारताल निवासी ऋतुराज विश्वकर्मा से मिले थे। रवि की हर 1 लाख नकली नोट के बदले 30 हजार रुपए के असली नोट देने की डील हुई थी। इसके बाद पुलिस ने ऋतुराज के घर पर छापा मारा, जहां से 1 लाख 94 हजार रुपए के नकली नोट, लेपटॉप, कलर प्रिंटर, कटर और A4 साइज के दर्जन पेपर बरामद किए गए। जांच में खुलासा हुआ कि ऋतुराज पिछले एक महीने से नकली नोट छापने और खपाने का काम कर रहा था। पूछताछ में ये भी पता चला है कि ऋतुराज 3 लाख असली नोट के बदले 12 लाख नकली नोट देता था।



## संपादकीय : भाषा की ताकत

हर सभ्य और संवेदनशील देश तथा समाज अपनी भाषा और संस्कृति को लेकर रहता है। बिना अपनी भाषा का संरक्षण किए, अपनी संस्कृति की सुरक्षा नहीं की जा सकती। इस अर्थ में केंद्रीय गृहमंत्री का भारतीय भाष के संरक्षण और संवर्धन को लेकर दिया गया बयान महत्त्वपूर्ण है। उन्होंने दावे के साथ कहा कि आने वाला समय भारतीय भाषाओं का होगा और अंग्रेजी बोलने वाले शर्म करेंगे। उनके बयान से इस उम्मीद को भी बल मिला है कि राष्ट्रभाषा का मसला सुलझ सकता है। अभी हकीकत यही है कि सेतु भाषा के रूप में स्वीकार की गई अंग्रेजी का वर्चस्व अधिक है। सरकारी कामकाज, न्यायालयों, शिक्षा, व्यापार आदि में हालांकि भारतीय भाषाओं का चलन पहले की तुलना में बढ़ा है, पर इतना नहीं कि अंग्रेजी विस्थापित हो सके। ऐसे में गृहमंत्री का बयान समझा जा सकता है। आजादी के बाद लगभग सर्वस्वीकृत था कि हिंदी राष्ट्रभाषा के रूप में स्थापित हो सकेगी। पर ऐसा होना तो दूर, कई क्षेत्रीय भाषाओं साथ इसका तालमेल अब तक ठीक से नहीं बन पाया है। अक्सर कुछ राज्यों से हिंदी को लेकर विरोध के स्वर उभरते देखे जाते हैं। तमिलनाडु और महाराष्ट्र का ताजा है, जहां शिक्षा में त्रिभाषा सूत्र लागू करने के संघर्ष देखा गया। हालांकि महाराष्ट्र ने अब हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में मान्यता दे दी है। आज जब ज्ञान-विज्ञान के क्षेत्र में काफी तरक्की हो चुकी है, खासकर शिक्षा के क्षेत्र में अंग्रेजी भाषा का बढ़ता ही दिखाई देता है। ऐसे में स्वाभाविक रूप से सवाल उठते रहते हैं कि इस तरह आखिर भारतीय भाषाओं के प्रसार का रास्ता प्रशस्त कैसे हो सकता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भारतीय ज्ञान परंपरा के संरक्षण, संवर्धन और पर बल दिया गया है। मगर यह काम अपनी भाषा में ही संभव हो सकता है। अंग्रेजी में पहले ही बहुत सारी ज्ञान संपदा की गलत व्याख्याओं से सांस्कृतिक धुंधलका छा गया है। गृहमंत्री का वक्तव्य इस संदर्भ में व्यापक अर्थवत्ता समेटे हुए हैं। यह सही है कि कई बार बदलते समय मुताबिक भाषाओं को अपनी उपयोगिता सिद्ध करने में कठिनाई आती है, मगर भाषाओं का अस्तित्व केवल व्यापारिक - वाणिज्यिक जरूरतों से जुड़ा नहीं होता ने इस संदर्भ में साहित्य का महत्त्व रेखांकित किया कि साहित्य हमारे समाज की आत्मा है । यह सदियों से हमारी संस्कृति, धर्म और स्वतंत्रता की रक्षा करता आया है। कुछ लोगों को सदा से लगता रहा है कि इस तेजी से बदलते दौर में, जब दुनिया विश्वग्राम बन चुकी है, अंग्रेजी के बिना तरक्की संभव नहीं है। मगर इस सच्चाई से नहीं फेरा जा सकता कि भारतीय ज्ञान परंपरा को अवरुद्ध या कहीं-कहीं उसकी धारा को पूरी तरह खत्म कर देने में अंग्रेजी का बड़ा हाथ रहा है। जिसे भारतीय आत्मा कहा जाता है, उसकी रक्षा भारतीय भाषा के जरिए ही संभव है। हालांकि गृहमंत्री ने भी स्वीकार किया कि विदेशी पह से मुक्ति पाने में वक्त लगेगा और भारतीय भाषाओं वास्तविक स्वरूप विकसित होने में कुछ कठिनाई यह संभव होगा । भाषाओं के संरक्षण और संवर्धन का जिम्मा चूंकि गृह मंत्रालय पर है, इसलिए यह माना जाना चाहिए कि गृहमंत्री जब अंग्रेजी को विस्थापित कर भाषाओं का वर्चस्व स्थापित करने का दावा कर रहे हैं, तो निस्संदेह उनके मन में इसे लेकर कोई ठोस खाका है।

## कानून और इंसाफ

उत्तर प्रदेश में गिरोहबंद कानून के दुरुपयो के खिलाफ आवाज उठने लगी है। आरोप लगते रहे हैं कि इस कानून का इस्तेमाल राजनीतिक विरोधियों का दमन करने, किसी का उत्पीड़न करने या बदनाम करने के लिए भी किया जाता है। इस संबंध में लोग अदालतों के दरवाजे खटखटाने लगे हैं। बिना किसी उचित प्रक्रिया और प सबूत के लोगों को जिस तरह गिरफ्तार किया जाता रहा है, उस पर अदालतों ने कई बार चिंता जताई है। दरअसल, इस कानून के तहत मिले अधिकारों का इस्तेमाल कई बार पुलिस विवेकपूर्ण तरीके से नहीं करती है । हालांकि, इस तरह के आचरण पर अंकुश के लिए दिशा-निर्देश लागू किए जा चुके हैं। मगर चिंता की बात है कि यह मनमानी थमी नहीं। लिहाजा, शीर्ष न्यायालय को एक बार फिर याद दिलाना पड़ा कि इस कानून को विवेकपूर्ण तरीके से लागू किया जाना चाहिए। अदालत ने उत्तर प्रदेश में इस संबंध में दर्ज एक प्राथमिकी को खारिज करते हुए 'यूपी गैंगस्टर्स एक्ट' जैसे कठोर कानून के नियमित इस्तेमाल को लेकर चेताया है। साथ ही यह भी कहा कि व्यक्तिगत स्वतंत्रता की गारंटी तब और म हो जाती है, जब इस तरह के कड़े प्रावधान वाले असाधारण कानून को अमल में लाया जाता है। यह चिंता की बात है कि राज्य को दी गई इस शक्ति का इस्तेमाल संगठित गिरोहों के अलावा साधारण अपराध से जुड़े मामलों या राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को परेशान करने के लिए भी होने लगा है। इसीलिए शीर्ष न्याया ने फिर स्पष्ट कर दिया है कि इस कानून को धमकी के साधन के रूप में उपयोग नहीं किया जा सकता, खासकर उस समय जब राजनीतिक मंशा काम कर रही हो । उत्तर प्रदेश में कुछ वर्ष पहले इलाहाबाद उच्च न्यायालय की सख्ती के बाद इस कानून के दुरुपयोग के लिए राज्य की ओर से नए दिशा-निर्देश जारी किए गए थे। सवाल है कि अगर किसी के खिलाफ संगठित अपराध से जुड़े होने का सबूत नहीं है, तो उसे गिरोहबाज कैसे कहा जा सकता है ? ऐसे में उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करना क्या अन्याय नहीं ? शीर्ष अदालत की चेतावनी को गंभीरता से लिया जाना चाहिए।

# जिला हॉस्पिटल की छत का प्लास्टर गिरा, महिला घायल 65 साल की महिला भर्ती थी पेट दर्द के इलाज के लिए, अब ICU में भर्ती



**24 न्यूज अपडेट**

चित्तौड़गढ़ के श्री सांवलियाजी राजकीय जिला हॉस्पिटल से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। पेट दर्द का इलाज करवाने के लिए भर्ती एक बुजुर्ग महिला के सिर पर हॉस्पिटल की छत का प्लास्टर गिर गया, जिससे वह घायल हो गई। महिला को तुरंत आईसीयू (गहन चिकित्सा इकाई) में भर्ती करवाया गया है।

यह घटना शुक्रवार को हुई। जानकारी के अनुसार, चित्तौड़गढ़ जिले के उदपुरा गांव की निवासी 65 वर्षीय भंवरी बाई मीणा को पेट में दर्द की शिकायत के चलते जिला हॉस्पिटल के महिला वार्ड में भर्ती करवाया गया था। इलाज के बाद डॉक्टरों ने उन्हें डिस्चार्ज करने की तैयारी कर ली थी, लेकिन तभी एक गंभीर हादसा हो गया।

महिला वार्ड की छत से अचानक प्लास्टर का एक बड़ा टुकड़ा सीधे भंवरी बाई के सिर पर गिर गया। हादसे के तुरंत बाद हॉस्पिटल स्टाफ में अफरा-तफरी मच गई। मौके पर मौजूद नर्सिंगकर्मियों और अन्य स्टाफ ने तुरंत महिला को उठाया और प्राथमिक उपचार के बाद आईसीयू में भर्ती करवाया।

घायल भंवरी बाई मीणा ने बताया कि छत का भारी प्लास्टर गिरने से उसके सिर पर गहरी चोट आई है और डॉक्टरों को उसके सिर में कुल छह टांके लगाने पड़े हैं। हॉस्पिटल प्रशासन ने महिला का सीटी स्कैन भी करवाया है, जिसमें राहत की बात यह रही कि कोई गंभीर अंदरूनी चोट सामने नहीं आई है। हालांकि फिलहाल महिला की हालत स्थिर बताई जा रही है, लेकिन डॉक्टर उसकी लगातार निगरानी कर रहे हैं।

बारिश के मौसम में अक्सर पुराने भवनों की हालत खराब हो जाती है, ऐसा ही कुछ इस हॉस्पिटल के वार्ड में भी देखा गया। बताया गया है कि छत से पानी रिस रहा था, जिससे प्लास्टर ढीला होकर गिर गया। इस घटना के बाद सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने उस जगह के आसपास भर्ती सभी मरीजों को दूसरी सुरक्षित जगहों पर शिफ्ट कर दिया है।

यह हादसा हॉस्पिटल की बदहाल व्यवस्था और कमजोर भवन स्थिति को उजागर करता है। हॉस्पिटल जैसे सार्वजनिक स्थान पर ऐसी लापरवाही से गंभीर हादसे हो सकते हैं। अब देखने वाली बात होगी कि हॉस्पिटल प्रशासन इस पूरे मामले में क्या कदम उठाता है और भविष्य में ऐसी घटनाएं रोकने के लिए क्या इंतजाम किए जाते हैं।

इस घटना के बाद मरीजों और उनके परिजनों में डर और नाराजगी दोनों देखी गई। लोग चाहते हैं कि सरकार और हॉस्पिटल प्रशासन इस मामले को गंभीरता से लें और हॉस्पिटल भवन की स्थिति की जल्द जांच करवाकर जरूरी मरम्मत करवाई जाए।

फिलहाल, घायल महिला का इलाज जारी है और वह खतरे से बाहर बताई जा रही है।

# कटारिया को मिलेगा 'मनीषी पं. जनार्दनराय नागर संस्कृति रत्न अलंकरण'



**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर, 21 जून। जनजातीय अंचल में शिक्षा, संस्कृति और सेवा के क्षेत्र में कार्यरत राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय की ओर से आगामी सोमवार को 'मनीषी पं. जनार्दनराय नागर संस्कृति रत्न अलंकरण समारोह' का आयोजन किया जाएगा। यह समारोह प्रतापनगर स्थित आईटी सभागार में प्रातः 10.30 बजे प्रारंभ होगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत ने जानकारी देते हुए बताया कि इस समारोह में पंजाब के राज्यपाल महामहिम गुलाबचंद कटारिया को 'मनीषी पं. जनार्दनराय नागर संस्कृति रत्न अलंकरण' से सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर उन्हें अशोक स्तम्भ, भारत माता स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र भेंट कर विद्यापीठ की ओर से अभिनंदन किया जाएगा। समारोह की अध्यक्षता विद्यापीठ के कुलाधिपति भंवर लाल गुर्जर करेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन, चित्तौड़गढ़ सांसद मन्नालाल रावत और वर्धमान महावीर कोटा ओपन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. कैलाश सोडानी उपस्थित रहेंगे। यह अलंकरण समारोह विश्वविद्यालय के संस्थापक पंडित जनार्दनराय नागर की स्मृति को समर्पित है, जिनकी प्रेरणा से विद्यापीठ शिक्षा, संस्कृति और सामाजिक चेतना के क्षेत्र में सतत कार्य कर रहा है। विश्वविद्यालय प्रशासन का यह प्रयास है कि जनार्दनराय नागर की विचारधारा के अनुरूप समाज को दिशा देने वाले व्यक्तित्वों को हर वर्ष सम्मानित किया जाए। गुलाबचंद कटारिया को यह सम्मान उनके दीर्घकालिक सार्वजनिक जीवन, पारदर्शी प्रशासन, जनसेवा और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण में योगदान के लिए प्रदान किया जा रहा है। समारोह में शिक्षाविदों, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रहने की संभावना है।

# 30 ग्राम चरस व 300 ग्राम गांजे के साथ दो आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने संगठित गिरोह अपराध की धाराएं जोड़ी, हिस्ट्रीशीट खोली जाएगी, संपत्ति कुर्क की तैयारी



**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर, 21 जून। शहर में नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत गोवर्धन विलास थाना पुलिस ने ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए 30 ग्राम चरस व 300 ग्राम गांजा के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में से एक अभ्यस्त अपराधी निकला है, जिसके खिलाफ एनडीपीएस, आर्म्स एक्ट, हत्या सहित 15 मामले दर्ज हैं। पुलिस अब गिरोह अपराध की धाराओं में अनुसंधान कर रही है और अवैध मादक कारोबार से अर्जित संपत्ति को कुर्क करने की तैयारी भी कर रही है। यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक श्री योगेश गोयल (भा.पु.से.) के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) श्री गोपाल स्वरूप मेवाड़ा के सुपरविजन में वृताधिकारी गिर्वा श्री सूर्यवीर सिंह राठौड़, थानाधिकारी टीडी श्री देवेन्द्र सिंह व थाना प्रभारी गोवर्धन विलास श्री अर्जुनलाल सालवी के नेतृत्व में की गई।

### गश्त के दौरान पकड़ में आए आरोपी

दिनांक 20 जून को पुलिस टीम ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र में गश्त पर थी, तभी दो संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देख भागने लगे। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों को दबोच लिया। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम न्याज मोहम्मद उर्फ न्याजु (65 वर्ष), निवासी नेला, थाना गोवर्धन विलास तथा अनिल सिंह (35 वर्ष), निवासी पथिक नगर, थाना सवीना बताए।

तलाशी के दौरान न्याज मोहम्मद के पास से 300 ग्राम गांजा व अनिल सिंह की जेब से 30 ग्राम चरस बरामद की गई। दोनों को एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत प्रकरण संख्या 209/25 में गिरफ़्तार किया गया।

### हिस्ट्रीशीट खोले जाने की तैयारी

थानाधिकारी टीडी श्री देवेन्द्र सिंह ने बताया कि आरोपी न्याज मोहम्मद एक अभ्यस्त अपराधी है, जिसके खिलाफ 15 आपराधिक मामले दर्ज हैं। इसमें चोरी, आबकारी, आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस व हत्या से संबंधित धाराएं शामिल हैं। आरोपी के विरुद्ध अब हिस्ट्रीशीट खोली जाएगी।

वहीं, अनिल सिंह के खिलाफ भी एनडीपीएस एक्ट के तहत पूर्व में दो प्रकरण दर्ज हैं।

### गिरोह के नेटवर्क की जांच शुरू

पुलिस को संदेह है कि आरोपीगण मिलकर एक संगठित गिरोह के रूप में मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त हैं। इस आधार पर अब संगठित अपराध की धाराओं में अनुसंधान किया जाएगा। साथ ही, मादक पदार्थों से अर्जित संपत्ति की कुर्की की प्रक्रिया भी शुरू की जा रही है।

**पुलिस टीम-** श्री देवेन्द्र सिंह, पु.नि., थानाधिकारी, पुलिस थाना टीडी

श्री अर्जुन लाल, उनि, थाना प्रभारी, गोवर्धन विलास

श्री श्याम सिंह रतनू, प्रभारी, डीएसटी टीम

# औद्योगिक भूखण्डों का प्रत्यक्ष आवंटन योजना 2025, डायरेक्ट अलॉटमेन्ट प्रारम्भ

**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर, 21 जून। उदयपुर जिले में रीको द्वारा विकसित किये गये विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में राइजिंग राजस्थान में एमओयू करने वाले निवेशको के लिए भूखण्डो के आरक्षित मूल्य पर 115 औद्योगिक भूखण्डों का प्रत्यक्ष आंवटन योजना 2025 की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। इसमें औद्योगिक क्षेत्र कलडवास विस्तार,, आमली व नवीन औद्योगिक क्षेत्र श्रीराम जानकी औद्योगिक औद्योगिक क्षेत्र माल की टूस में औद्योगिक भूखण्डो का प्रत्यक्ष आंवटन योजना 2025 के तृतीय चरण की शुरूआत 16 जून 2025 से हो चुकी है। जिसमें धरोहर राशि 4 जुलाई 2025 शाम 6 बजे तक जमा कराई जाएगी। ई-लॉटरी 9 जुलाई 2025 को सुनिश्चित की गई है।

वरिष्ठ उपमहाप्रबधंक अजय पण्ड्या ने बताया कि प्रत्यक्ष आंवटन योजना 2025 में भाग लेने हेतु इच्छुक आवेदकों को ऑनलाईन आवेदन करते समय प्रारम्भ भूखण्ड का 360 डिग्री फोटो व्यू एवं गुगल लोकेशन भी दिखेगा, जिससे आवेदको को भूखण्ड के आस-पास की पूरी स्थिति की जानकारी प्राप्त होने के साथ-साथ भूखण्ड के चयन करने व बोली लगाने में आसानी होगी। औद्योगिक क्षेत्र कलड़वास (विस्तार) में 06 औद्योगिक भूखण्ड, औद्योगिक क्षेत्र आमली में 65 औद्योगिक भूखण्ड, एवं औद्योगिक क्षेत्र श्रीराम जानकी माल की टूस में 44 औद्योगिक भूखण्ड, को प्रत्यक्ष आंवटन योजना 2025 के तहत रखा गया हैं। इनमें 2 भूखण्ड महिला उद्यमियों , 1 भूखण्ड बेंचमार्क दिव्यांगता, 1 भूखण्ड सशस्त्र बलो/ अर्द्ध सैनिक बलो के मृतक आश्रितो के लिए व 1 भूखण्ड भूतपूर्व सैनिको के लिये आरक्षित है।

राइजिंग राजस्थान में एमओयू करने वाले निवेशको को 25 प्रतिशत राशि जमा कराने के बाद शेष 75 प्रतिशत राशि का भुगतान 11 त्रैमासिक किश्तो में मय ब्याज 8.50 प्रतिशत के साथ या 120 दिनो के भीतर ब्याज रहित भुगतान की सूविधा है। साथ ही सफल बोलीदाता द्वारा 25 प्रतिशत राशि जमा कराते ही आवंटन पत्र व भूखण्ड का कब्जा भी प्रदान कर दिया जायेगा।

नवीन भूखण्डों के आवंटन के लिए रीको की आर्कषक ऋण सुविधा भी उपलब्ध है, जिसमें कुल भूखण्ड की कीमत का 75 प्रतिशत तक ऋण रीको द्वारा उपलब्ध कराया जाता है, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र द्वारा राज्य सरकार की अनेंक योजनाओं का लाभ भी प्राप्त किया जा सकेंगा।

# कुंवर भुवन्यु सिंह सिसोदिया बने प्रतापगढ़ रियासत के नए महारावत, राजतिलक समारोह पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ सम्पन्न



**24 न्यूज अपडेट**

प्रतापगढ़। प्रतापगढ़ रियासत के इतिहास में एक नया अध्याय उस समय जुड़ गया जब पूर्व राजघराने के कुंवर भुवन्यु सिंह सिसोदिया का राजतिलक समारोह राजमहल परिसर में पारंपरिक शान और गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। भव्य आयोजन में उन्हें प्रतापगढ़ रियासत का नया महारावत घोषित किया गया। समारोह की शुरुआत सुबह 10:30 बजे पारंपरिक पगड़ी और राजतिलक की विधियों से हुई। इस ऐतिहासिक अवसर पर रियासत के अधीनस्थ 16 ठिकानों के प्रतिनिधियों ने नव-नियुक्त महारावत को पारंपरिक नज़राना भेंट किया और अपनी आस्था एवं अधीनता व्यक्त की। इसके साथ ही जयपुर, सिरोही, उदयपुर, जोधपुर, जामनगर और सीतामऊ रियासतों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति ने समारोह को और गरिमामय बना दिया। राजमहल परिसर में आयोजित इस आयोजन में राजपरिवार के सदस्य, पूर्व जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, गणमान्य नागरिक और स्थानीय लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम किए गए थे ताकि कार्यक्रम शांति और अनुशासन के साथ सम्पन्न हो सके। समारोह के उपरांत 11:30 बजे पारंपरिक भोज का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न समाजों और रियासतों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। गौरतलब है कि प्रतापगढ़ रियासत के पूर्व महारावत जय सिंह का 9 जून को निधन हो गया था। उनका अंतिम संस्कार वैदिक विधियों से उत्तर प्रदेश के कालाकांकर गंगा तट पर सम्पन्न हुआ, जहां उनके पुत्र कुंवर भुवन्यु सिंह ने उन्हें मुखाग्नि दी थी। भुवन्यु सिंह सिसोदिया के राजतिलक से प्रतापगढ़ राजघराने की परंपरा में नया उत्तराधिकारी जुड़ गया है, जिनसे क्षेत्रीय जनमानस को नई दिशा और प्रेरणा मिलने की अपेक्षा की जा रही है।


# जयकारों के साथ जगदीश चौक में उतरा रथ, सजाने का काम शुरू




**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर के जगदीश मंदिर में कल रात को भगवान जगन्नाथ की 27 जून को निकलने वाली रथयात्रा का भव्य रथ चौक में उतारने का उपक्रम शुरू हुआ जो देर रात 3 बजे तक चला। सबसे पहले प्रथम पूज्य भवागन गणपति को गाजे-बाजे के साथ लाया गया। इसके बाद रथ के अलग अलग हिस्सों को रथयात्रा समिति के युवाओं व स्वयं सेवकों ने जयघोष के बीच एक एक कर जगदीश चौक में उतारा। इस दौरा अपार श्रद्धा व भक्ति भाव देखने को मिला। अब इस रथ को सजाने का काम शुरू हो गया है। कारीगर अंबालाल लोहार, गोपाल सुथार, कमला चौहान, किशन सुथार इसे सजाने में लगे हैं। रथ में को सजाने में 90 किलो से अधिक चांदी का प्रयोग किया गया है। इसके 58 पाट्र्स को जोड़ने का काम अरबुदा हैंडीक्राफ्ट चिकलवास के निर्देशन में शुरू हो गया है। रथ को दो दिन में सजाकर तैयार कर लिया जाएगा।

# वनरक्षक भर्ती पेपर लीक में सरकारी कर्मचारी गिरफ्तार:3.5-3.5 लाख रुपए लेकर चचेरे भाई सहित तीन कैंडिडेट को पढ़ाया था पेपर



24 न्यूज अपडेट

वनरक्षक भर्ती परीक्षा-2020 पेपर लीक मामले में बांसवाड़ा से एक सरकारी कर्मचारी को गिरफ्तार किया गया है। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (SOG) की टीम उसे जयपुर लेकर गई है। आरोपी सरकारी कर्मचारी ने 3.50-3.50 लाख रुपए लेकर चचेरे भाई सहित तीन कैंडिडेट्स को पेपर पढ़ाया था।

एसओजी के ASP भवानी शंकर ने बताया- वनरक्षक भर्ती के संबंध में राजतालाब थाने (बांसवाड़ा) में मुकदमा दर्ज हुआ था। इसकी जांच राजतालाब पुलिस कर रही थी। पेपर लीक का प्रकरण निकला तो मामला SOG को ट्रांसफर किया गया।

वनरक्षक भर्ती पेपर लीक का आरोपी जबराराम जाट था। सरकारी कर्मचारी गोविंद तेतरवाल 2013 से ही जबराराम के संपर्क में था। गोविंद जोधपुर में वाणिज्य कर विभाग (सर्कल-E) में UDC के पद पर कार्यरत था। मार्च में गोविंद कुछ दिन की छुट्टी लेकर चल गया था। लेकिन, फिर वह ड्यूटी पर नहीं लौटा।

विभाग की ओर से लगातार गैर हाजिर रहने पर उसे नोटिस दिए गए। लेकिन उसकी तरफ से कोई जवाब नहीं आया। इसके चलते उसका वेतन भी रोक दिया गया था। SOG की टीम ने उसे गुरुवार को गिरफ्तार किया। बांसवाड़ा कोर्ट में पेश कर 11 दिन के रिमांड पर लिया। शुक्रवार को टीम आरोपी को बांसवाड़ा के राजतालाब थाने से जयपुर लेकर पहुंची।

## सरकारी नौकरी से पहले चलाता था शराब की दुकान

ASP भवानी शंकर ने बताया- गोविंद की 2018 में सरकारी नौकरी लगी थी। इससे पहले वह शराब की दुकान चलाता था। कल्याणपुरा में उसकी शराब की दुकान पर हीराराम नाम का सेल्समैन था। उस सेल्समैन के भाई ओमप्रकाश और बहन प्यारी को गोविंद ने 3.5-3.5 लाख रुपए लेकर पेपर पढ़ाया था। गोविंद ने अपने चचेरे भाई सुरेंद्र को भी 3.5 लाख रुपए लेकर पेपर पढ़ाया था। उसने यह रकम जबराराम को दी थी। हमने प्यारी को गिरफ्तार कर लिया है। ओमप्रकाश रिटन एग्जाम में फेल हो गया था। वह भी आरोपी है। गोविंद पर 3 लोगों (ओमप्रकाश, प्यारी, सुरेंद्र) से पैसे लेकर पेपर पढ़ाने और जबराराम तक पैसा पहुंचाने के आरोप हैं।

गोविंद के परिवार में एक दर्जन लोग सरकारी नौकरी में हैं। ऐसे में सभी की बारीकी से जांच करेंगे। गोविंद की भूमिका की भी जांच करेंगे।

बता दें कि वनरक्षक पेपर लीक मामले में गोविंद समेत अब तक 35 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। SOG के एडिशनल एसपी भवानी शंकर के सुपरविजन में यह कार्रवाई की जा रही है।

## SOG ने विभाग के अधिकारियों से जुटाई जानकारी

विभागीय सूत्रों के अनुसार- गोविंद तेतरवाल के बारे में छानबीन करने के लिए SOG की टीम ने वाणिज्यिक कर विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर जानकारी जुटाई थी।

जानकारी के मुताबिक गोविंद तेतरवाल 2018 में LDC के पद पर लगा था। तब से वह जोधपुर में कार्यरत था।

# अजमेर में रेजिडेंट डॉक्टर्स ने कार्य बहिष्कार किया:जेएलएन में काली पट्टी बांधकर जताया विरोध, डॉक्टर के परिवार को न्याय देने की मांग



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर में पिछले दिनों रविंद्रनाथ टैगोर मेडिकल कॉलेज में करंट से डॉक्टर की मौत के मामले में रेजिडेंट डॉक्टर्स का प्रदेशभर में विरोध जारी है। अजमेर के जेएलएन मेडिकल कॉलेज में कार्यरत 650 रेजिडेंट डॉक्टर्स ने भी आज 2 घंटे का कार्य बहिष्कार किया। रेजिडेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ.दिलराज मीणा के नेतृत्व में रेजिडेंट डॉक्टर्स ने इमरजेंसी के बाहर काली पट्टी बांधकर विरोध जताया। डॉक्टर के परिवार को न्याय देने की मांग की। डॉ.दिलराज मीणा ने कहा- 2021 बैच के डॉ. रवि शर्मा एनेस्थीसिया डिपार्टमेंट के रेजिडेंट थे। वह उदयपुर में कार्यरत थे। हॉस्पिटल में वाटर कूलर से करंट लगने से उनकी मौत हो गई थी। मौत के बाद पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट को बदल दिया गया, जिसने भी यह किया उसके खिलाफ कार्रवाई की जाए।

वहां के डॉक्टर्स ने पहले भी वाटर कूलर में इलेक्ट्रिक शॉक लगने की जानकारी दी थी। लापरवाही के कारण हमारे एक साथी की मौत हो गई। डॉक्टर की दो बेटियां हैं। उनके भविष्य को देखते हुए पूरे राजस्थान के रेजिडेंट डॉक्टर्स और जेएलएन के डॉक्टर 2 घंटे के कार्य बहिष्कार पर है। मीणा ने बताया- हमारी मुख्य मांग है कि जो भी इसमें रिस्पांसिबल पर्सन था उसके खिलाफ कार्रवाई की जाए। इसके साथ पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में करंट लगने से मौत के कारण को मेंशन किया जाए या तो दोबारा से पोस्टमॉर्टम किया जाए साथ ही परिवार को मुआवजा देने के साथ पत्नी या बच्चों को सरकारी नौकरी दी जाए। जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होगी तब तक डॉक्टर्स का विरोध जारी रहेगा।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भारतीय रेल का राष्ट्रव्यापी भव्य आयोजन, चिनाब, अंजी और पांबन जैसे ऐतिहासिक रेल पुलों पर भी हुआ अद्भुत योग प्रदर्शन, योग को समर्पित विशेष ईएमयू ट्रेन सेवा भी शुरू



24 न्यूज़ अपडेट

नई दिल्ली, 21 जून। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 पर भारतीय रेल ने पूरे देश में ऐतिहासिक, व्यापक और भव्य योग आयोजनों की श्रृंखला के साथ एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। "योगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ" की भावना को साकार करते हुए यह आयोजन सभी रेल जोन, मंडलों, स्टेशनों, रेल परिसरों और यहां तक कि भारत के इंजीनियरिंग चमत्कारों पर भी किया गया।

## अभूतपूर्व स्थानों पर हुआ योग

इस वर्ष आयोजन की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि योग सत्र रेलवे के प्रतिष्ठित स्थलों पर भी आयोजित किए गए। पहली बार जम्मू-कश्मीर के चिनाब ब्रिज — जो दुनिया का सबसे ऊंचा रेल आर्च ब्रिज है — पर योग सत्र का आयोजन हुआ। इसी प्रकार, भारत के पहले केबल स्टे ब्रिज अंजी पुल और देश के पहले वर्टिकल लिफ्ट रेल ब्रिज पांबन पुल पर भी अद्वितीय योग सत्र आयोजित किए गए, जो योग और इंजीनियरिंग के अद्वितीय संगम के प्रतीक बने।

## विशेष ट्रेन ने बढ़ाई जागरूकता

पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल में एक विशेष ईएमयू ट्रेन सेवा भी चलाई गई, जो पूरी तरह योग को समर्पित थी। इस ट्रेन के कोचों को योग मुद्राओं और उनके स्वास्थ्य लाभों से सजाया गया, जिससे यात्रियों के बीच योग के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके।

## देशभर में जनभागीदारी

रेल राज्य मंत्री श्री वी. सोमन्ना ने कर्नाटक के हासन, और रेल राज्य मंत्री श्री रवनीत सिंह बिट्टू ने चंडीगढ़ के सुखना लेक पर आयोजित योग सत्र में भाग लिया। रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री सतीश कुमार ने नई दिल्ली स्थित करनैल सिंह स्टेडियम में योगाभ्यास किया। देश के सभी रेलवे स्टेशनों, कार्यालयों, प्रशिक्षण केंद्रों और मंडलों में व्यापक स्तर पर योग सत्र आयोजित हुए, जिनमें रेलवे अधिकारियों, कर्मचारियों, रेलवे सुरक्षा बल, स्काउट्स एंड गाइड्स, स्कूली छात्र-छात्राओं, जनप्रतिनिधियों और सामान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## योग को अपनाने का संदेश

सभी सत्रों में योगासन, प्राणायाम, ध्यान और योग के जीवनदायिनी पहलुओं पर प्रकाश डाला गया। योग के माध्यम से तनावमुक्त, अनुशासित व स्वास्थ्यवर्धक जीवनशैली को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया।

## रेलवे की पहल की सराहना

भारतीय रेल ने इस आयोजन के माध्यम से न केवल अपने कर्मचारियों को फिट और तनावमुक्त जीवन की प्रेरणा दी, बल्कि समाज के हर वर्ग को योग से जोड़ने का प्रयास किया। योग और राष्ट्र निर्माण के इस संगम ने एक बार फिर यह साबित किया कि भारतीय रेल केवल यातायात का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक जागरूकता का भी सशक्त मंच है।

# रेलवे अपडेट: लिंक रैक में देरी से जयपुर-मुंबई सुपरफास्ट और उदयपुर-ऋषिकेश एक्सप्रेस आज विलंबित



24 न्यूज अपडेट

जयपुर। उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित दो महत्वपूर्ण रेलसेवाएं आज लिंक रैक (रेल डिब्बों की उपलब्धता) में देरी के कारण रीशेड्यूल कर दी गई हैं। इससे यात्रियों को यात्रा योजनाओं में बदलाव करना पड़ सकता है।

1. जयपुर - मुम्बई सेंट्रल सुपरफास्ट एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 12956)

निर्धारित प्रस्थान समय: दोपहर 2:00 बजे

संशोधित प्रस्थान समय: शाम 6:00 बजे

विलंब अवधि: 4 घंटे

2. उदयपुर सिटी - योग नगरी ऋषिकेश एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 19609)

निर्धारित प्रस्थान समय: दोपहर 1:45 बजे

संशोधित प्रस्थान समय: दोपहर 3:30 बजे

विलंब अवधि: 1 घंटा 45 मिनट

उत्तर पश्चिम रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि वे स्टेशन पहुंचने से पहले अपनी ट्रेन के प्रस्थान समय की स्थिति की पुनः पुष्टि कर लें। यात्रियों की सुविधा व सुरक्षा रेलवे की प्राथमिकता है।

# जयपुर के एक सेंटर में बदलाव, डाउनलोड करें एडमिट कार्ड:स्कूल लेक्चरर एवं कोच के 2202 पदों पर होनी है भर्ती; जानिए-कौनसा एग्जाम कब होगा?




24 न्यूज अपडेट

राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से प्राध्यापक एवं कोच (माध्यमिक शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2024 का आयोजन 23 जून से किया जाएगा। इसके अंतर्गत प्रातः 10 से 11.30 बजे तक आयोजित की जाने वाली परीक्षा के लिए जयपुर जिला मुख्यालय के एक परीक्षा केंद्र में संशोधन किया गया है। ऐसे में कैंडिडेट्स को नवीन प्रवेश-पत्र डाउनलोड कर निर्धारित समय पर परीक्षा केंद्र पर पहुंचना होगा।

आयोग सचिव राम निवास मेहता ने बताया कि रोल नंबर सीरीज 1196460 से 1196939 तक के अभ्यर्थियों का परीक्षा केंद्र परिवर्तित करते हुए (16-0132), रावत सीनियर सेकंडरी स्कूल- विंग-1, विवेक विहार न्यू सांगानेर रोड, सोडाला, जयपुर पिन कोड- 302019 किया गया है। पूर्व में इन अभ्यर्थियों को (16-877) भारती विद्या निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल 21, नियर ओल्ड तेजाजी टेंपल मैन सोडाला जयपुर परीक्षा केंद्र आवंटित किया गया था।

बता दें कि आयोग की ओर से स्कूल लेक्चरर एवं कोच (माध्यमिक शिक्षा विभाग) परीक्षा के 2202 पदों के लिए होने वाली भर्ती के लिए प्रदेश के 6 लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने आवेदन किए।अभ्यर्थियों की अधिक संख्या को देखते हुए इस परीक्षा को चार समूहों में कराने का निर्णय लिया गया। भर्ती परीक्षा 23 जून से 4 जुलाई तक आयोजित की जानी है।

ग्रुप-ए में 5 विषय सम्मिलित किए गए हैं। इन विषयों के अभ्यर्थियों के लिए जनरल अवेयरनेस एंड जनरल स्टडीज की परीक्षा का आयोजन 23 जून 2025 को प्रातः 10 से 11.30 बजे तक किया जाएगा।

हिंदी - 23 जून 2025 - दोपहर 2.30 से 5.30 बजे तक

ज्योग्राफी - 24 जून 2025 - प्रातः 9 से 12 बजे तक

इंग्लिश - 24 जून 2025 - दोपहर 2.30 से 5.30 बजे तक

संस्कृत - 25 जून 2025 - प्रातः 9 से 12 बजे तक

गणित - 25 जून 2025 - दोपहर 2.30 से 5.30 बजे तक

ग्रुप-बी में 14 विषय सम्मिलित किए गए हैं। इन विषयों के अभ्यर्थियों के लिए जनरल अवेयरनेस एंड जनरल स्टडीज की परीक्षा का आयोजन 26 जून 2025 को प्रातः 10 से 11.30 बजे तक किया जाएगा।

राजनीति विज्ञान - 26 जून 2025 - दोपहर 2.30 से 5.30 बजे तक

हिस्ट्री - 27 जून 2025 - प्रातः 9 से 12 बजे तक

बायोलॉजी - 27 जून 2025 - दोपहर 2.30 से 5.30 बजे तक

केमिस्ट्री - 28 जून 2025 - प्रातः 9 से 12 बजे तक

कॉमर्स - 28 जून 2025 - दोपहर 2.30 से 5.30 बजे तक

# राजस्थान में पटवारी भर्ती के पदों में बड़ी बढ़ोतरी, अब कुल 3,705 पदों पर होगी भर्ती; 23 जून से फिर शुरू होंगे आवेदन




24 न्यूज़ अपडेट

जयपुर। सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे राजस्थान के युवाओं के लिए बड़ी खुशखबरी है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व वाली राज्य सरकार ने पटवारी भर्ती परीक्षा 2025 के लिए संशोधित विज्ञप्ति जारी कर दी है। इस बार 1685 नए पदों की बढ़ोतरी करते हुए अब कुल 3,705 पदों पर पटवारियों की भर्ती की जाएगी।

## आवेदन प्रक्रिया फिर से शुरू

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ऑफिशियल वेबसाइट rssb.rajasthan.gov.in पर 23 जून से 29 जून 2025 तक अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इसके बाद भर्ती परीक्षा 17 अगस्त 2025 को आयोजित की जाएगी।

पहले स्थगित हुई थी परीक्षा, अब बढ़ाए गए पद इससे पहले सरकार ने 2020 पदों पर पटवारी भर्ती का विज्ञापन जारी किया था। इन पदों के लिए 6 लाख 43 हजार 339 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। परीक्षा 11 मई को प्रस्तावित थी, लेकिन सरकार ने ऐन वक्त पर परीक्षा को स्थगित कर पदों की संख्या बढ़ाने का निर्णय लिया। अब संशोधित विज्ञप्ति के अनुसार 1685 पद और जोड़े गए हैं, जिससे अब कुल रिक्तियों की संख्या 3705 हो गई है।

शैक्षणिक योग्यता

किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक (ग्रेजुएशन) होना चाहिए। साथ ही कम्प्यूटर का बुनियादी ज्ञान (जैसे RSCIT या समकक्ष प्रमाण पत्र) अनिवार्य है।

**चयन प्रक्रिया-** चयन केवल लिखित परीक्षा के आधार पर होगा। परीक्षा 17 अगस्त को प्रस्तावित है।

इसके बाद मेरिट लिस्ट के अनुसार योग्य अभ्यर्थियों के दस्तावेज़ों का सत्यापन (Document Verification) होगा।

आयु सीमा

सामान्य श्रेणी के लिए न्यूनतम उम्र 18 वर्ष और अधिकतम 40 वर्ष।

आरक्षित वर्गों को अधिकतम उम्र में नियमानुसार छूट दी जाएगी।

वेतनमान

चयनित उम्मीदवारों को पे मैट्रिक्स लेवल-5 के तहत वेतन मिलेगा।

हालांकि, चयन के बाद अभ्यर्थियों को 2 साल की प्रोबेशन अवधि में सरकारी नियमों के अनुसार कार्य करना होगा।

**महत्वपूर्ण तिथियां एक नजर में**

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन आवेदन शुरू | 23 जून 2025 |
| आवेदन की अंतिम तिथि | 29 जून 2025 |
| परीक्षा तिथि | 17 अगस्त 2025 |

अधिक जानकारी और विस्तृत दिशा-निर्देशों के लिए अभ्यर्थी rssb.rajasthan.gov.in पर विजिट करें।

# राजस्थान यूनिवर्सिटी कैंपस से पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष निर्मल चौधरी और विधायक अभिमन्यु पूनिया हिरासत में, दर्शन शास्त्र की परीक्षा के दौरान हुई कार्रवाई



24 न्यूज अपडेट

जयपुर। राजस्थान यूनिवर्सिटी के परीक्षा केंद्र से शनिवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष निर्मल चौधरी और संगरिया (हनुमानगढ़) के विधायक अभिमन्यु पूनिया को सिविल ड्रेस में मौजूद पुलिसकर्मियों ने हिरासत में ले लिया। दोनों दर्शनशास्त्र के फोर्थ सेमेस्टर का पेपर देने यूनिवर्सिटी पहुंचे थे, तभी पुलिस ने अचानक कार्रवाई करते हुए परीक्षा कक्ष से बाहर निकालकर वैन में बैठा लिया। इस अप्रत्याशित कार्रवाई को देख कैंपस में कुछ छात्रों ने विरोध जताते हुए हंगामा भी किया, हालांकि पुलिस वाहन के रवाना होते ही स्थिति शांत हो गई। सूत्रों के अनुसार, पुलिस पहले से ही यूनिवर्सिटी परिसर में मौजूद थी और सादी वर्दी में तैनात थी। जैसे ही निर्मल चौधरी परीक्षा देने पहुंचे, उन्हें मौके पर ही हिरासत में ले लिया गया। उस समय अभिमन्यु पूनिया भी वहीं मौजूद थे और पुलिस वैन में वे भी सवार हो गए।

पुलिस का पक्ष: पूनिया जबरन बैठे, डिटेन नहीं किया गया डीसीपी ईस्ट तेजस्विनी गौतम ने इस कार्रवाई को लेकर स्पष्ट किया कि विधायक अभिमन्यु पूनिया को हिरासत में नहीं लिया गया है। उन्होंने कहा, "विधायक पूनिया खुद ही पूर्व अध्यक्ष निर्मल चौधरी को बचाने के लिए पुलिस वाहन में बैठ गए थे। उन्हें गांधी नगर थाने लाया गया और वहां से वे अपने आवास चले गए।"

## निर्मल चौधरी पर 2022 का मामला

तेजस्विनी गौतम ने बताया कि "निर्मल चौधरी के खिलाफ 2022 में राजकार्य में बाधा डालने का मुकदमा दर्ज था। उस मामले में अपराध प्रमाणित पाए जाने के बाद पुलिस को कार्रवाई करनी थी। इसी सिलसिले में आज उन्हें डिटेन किया गया है। आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है।"

## थानों में बदले गए स्थान

पुलिस ने पहले दोनों को गांधी नगर थाने लाया। यहां से अभिमन्यु पूनिया को छोड़ा गया जबकि निर्मल चौधरी को मालवीय नगर थाने और फिर वहां से सांगानेर सदर थाने स्थानांतरित कर दिया गया। निर्मल चौधरी ने पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि, "सुबह से ही जयपुर पुलिस के कुछ लोग सिविल ड्रेस में उनका पीछा कर रहे थे। परीक्षा देने पहुंचते ही उन्हें जबरन हिरासत में लिया गया। यह लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है।"

# सांसद मन्नालाल रावत का आरोप : आदिवासी संस्कृति और विकास को नष्ट कर रही बीएपी, राजकुमार रोत को बताया लूटेरी गैंग का सरगना



**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर। सांसद डॉ. मन्नालाल रावत ने शनिवार को एक पत्रकार वार्ता में भील आदिवासी पार्टी (बीएपी) और उसके नेताओं पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि बीएपी आदिवासी संस्कृति, परंपराओं और विकास को नष्ट करने में जुटी हुई है। यह पार्टी एक लूटेरी गैंग की तरह काम कर रही है और इसके सरगना राजकुमार रोत हैं। सांसद रावत ने आरोप लगाया कि बीएपी के नेता चर्च के एजेंडे पर काम कर रहे हैं और मेवाड़-वागड़ क्षेत्र को बांग्लादेश बनाने जैसी बातें कर समाज में जहर घोलने का काम कर रहे हैं। रिश्वत लेते पकड़े गए विधायक को बचाने की कोशिश सांसद रावत ने कहा कि बीएपी का एक विधायक हाल ही में रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा गया, लेकिन उसे बचाने के लिए बीएपी के छुटभैया नेताओं ने असंवैधानिक कमेटी बना ली है। इससे आदिवासी समाज को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बीएपी के नेताओं का असली चेहरा अब आदिवासी समाज के सामने आ रहा है। सांसद रावत ने कहा कि आदिवासी समाज की संस्कृति भगवान श्रीराम को मानने वाली है। आज भी आदिवासी महिलाएं मंगलसूत्र पहनती और सिन्दूर लगाती हैं। लेकिन बीएपी के नेता इन परंपराओं को मिटाने का प्रयास कर रहे हैं। वे मूर्ति पूजा का मजाक बनाते हैं, आदिवासी युवाओं को विद्यालयों से हटाकर पत्थरबाज बना रहे हैं और क्षेत्र में चर्च का एजेंडा फैला रहे हैं। झारखंड से आई एक महिला नेत्री भी वागड़ क्षेत्र में इसी एजेंडे का विस्तार कर रही है। सांसद रावत ने कहा कि हाल ही में हुए पंचायत उपचुनावों के नतीजे भी बताते हैं कि आदिवासी समाज अब बीएपी से परेशान हो गया है। उन्होंने बताया कि आसपुर के बनकोड़ा में बीएपी को मात्र 12 वोट मिले, वहीं मोटागांव, जहां भाजपा आजादी के बाद कभी नहीं जीती थी, वहां भी भाजपा को विजय प्राप्त हुई। ये परिणाम साफ संकेत हैं कि बीएपी का जनाधार खत्म हो रहा है।

**राजकुमार रोत को बताया 'मेवाड़ का केजरीवाल'**

सांसद रावत ने बीएपी नेता राजकुमार रोत की तुलना दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से करते हुए कहा कि जिस तरह केजरीवाल ने जनता के पैसों से ऐश की, शीश महल बनवाए, वैसा ही काम अब रोत कर रहे हैं। वे सरकारी संसाधनों का दुरुपयोग कर रहे हैं और जनता को भ्रमित करने का काम कर रहे हैं। भाजपा का आदिवासी हितों के लिए काम पत्रकार वार्ता में विधायक फूलसिंह मीणा और भाजपा शहर जिलाध्यक्ष गजपाल सिंह ने भी बीएपी पर हमला बोला। विधायक मीणा ने कहा कि यूडीए विस्तार में आने वाले आदिवासी गांवों के मामले में वे खुद भाजपा प्रतिनिधिमंडल के साथ मंत्रियों व अधिकारियों से मिले और आदिवासी हितों की रक्षा के लिए बात की। वहीं बीएपी इस मुद्दे पर निष्क्रिय रही और बाद में प्रदर्शन कर राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश की। शहर जिलाध्यक्ष गजपाल सिंह ने कहा कि बीएपी का रिश्वतखोर विधायक पकड़ा गया है और उसके बचाव में पूरी पार्टी जुटी है। उन्होंने कहा कि भाजपा आदिवासी समाज के हितों और विकास के लिए लगातार काम कर रही है और आगे भी करती रहेगी।

# उदयपुर में 2.5 लाख से अधिक लोगों ने किया योगाभ्यास, गांधी ग्राउंड में जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम

**प्रभारी मंत्री हेमन्त मीणा, सचिव टी. रविकांत सहित जनप्रतिनिधि और अधिकारी रहे मौजूद**



**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस शनिवार को जिलेभर में उल्लासपूर्वक मनाया गया। मुख्य जिला स्तरीय आयोजन गांधी ग्राउंड में हुआ, जिसमें प्रभारी मंत्री हेमन्त मीणा एवं प्रभारी सचिव टी. रविकांत मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम में लगभग 2.5 लाख लोगों ने जिलेभर के 13 स्थलों, ब्लॉक व ग्राम पंचायत स्तर तक सहभागिता निभाई। मुख्य समारोह में कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा, सांसद डॉ. मन्नालाल रावत, विधायक ताराचंद जैन, फूलसिंह मीणा, संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी, आईजी राजेश मीणा, जिला कलेक्टर नमित मेहता, एसपी योगेश गोयल सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे। आयुर्वेद उपनिदेशक डॉ. राजीव भट्ट ने स्वागत किया। वैद्य शोभालाल औदिच्य ने योग प्रोटोकॉल की रूपरेखा प्रस्तुत की। डॉ. शुभा सुराणा ने योग क्रियाओं का संचालन किया और लाभ बताए। प्रशिक्षक मोहित मेनारिया ने 101 सूर्य नमस्कार का प्रदर्शन कर प्रेरणा दी। संचालन नोडल अधिकारी वारसिंह ने किया। सीईओ जिला परिषद रिया डाबी, यूडीए आयुक्त राहुल जैन, नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश, प्रशिक्षु आईएएस सृष्टि डबास, समाजसेवी गजपाल सिंह, पुष्कर तेली, पारस सिंघवी सहित विभिन्न विभागों, एनसीसी, स्काउट-गाइड, पुलिस, शिक्षकों, खिलाड़ियों और स्वयंसेवी संगठनों ने भाग लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश भी प्रसारित हुआ, जिसमें उन्होंने योग को जीवनशैली का अंग बताते हुए 10 तेल कम उपयोग की अपील की। कार्यक्रम में स्वीप प्रभारी डॉ. देवीलाल गर्ग ने मतदान की शपथ भी दिलाई। प्रभारी मंत्री मीणा ने योग प्रशिक्षकों, डॉ. शुभा सुराणा, मोहित मेनारिया व अन्य सहयोगियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। सभी ने योग को जीवन में अपनाने की सामूहिक शपथ ली। सहभागिता में जिला प्रशासन, आयुर्वेद विभाग, मदन मोहन मालवीय आयुर्वेद कॉलेज, भारतीय योगिनी संघ, पतंजलि योग समिति, दाउदी बोहरा समाज, एनसीसी, विभिन्न विद्यालय-महाविद्यालय व आमजन शामिल रहे।

# रेजिडेंट डॉक्टर हड़ताल पर, जयपुर से पहुंची टीम - दोबारा पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया शुरू




**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर। रवींद्रनाथ टैगोर मेडिकल कॉलेज (आरएनटी) में रेजिडेंट डॉक्टर की करंट लगने से मौत के बाद रेजिडेंट डॉक्टरों का आंदोलन अब भी जारी है। अपनी मांगों को लेकर डॉक्टर प्रशासनिक भवन के बाहर धरने पर बैठे हैं और नारेबाजी कर रहे हैं। डॉ. रवि शर्मा, जो मकराना (नागौर) निवासी थे, की देर रात हॉस्टल परिसर में वाटर कूलर से पानी भरते वक्त करंट लगने से मौत हो गई थी। घटना के बाद से ही रेजीडेंट डॉक्टरों ने धरना शुरू कर दिया था। पहले एमबी अस्पताल की मॉर्च्युरी के बाहर धरना हुआ, फिर रविवार सुबह सभी डॉक्टर प्रशासनिक भवन के बाहर जुट गए। दोबारा पोस्टमॉर्टम कराया जाए। मृतक डॉक्टर के परिजनों को 2 करोड़ रुपये मुआवजा दिया जाए। रेजिडेंट यूनियन के पूर्व सचिव जतिन प्रजापति ने बताया कि जब तक दोनों मांगे पूरी नहीं होतीं, आंदोलन जारी रहेगा। वहीं प्रशासन की ओर से कहा गया कि बातचीत चल रही है, लेकिन लिखित आश्वासन अब तक नहीं मिला। इस मांग को देखते हुए दोपहर बाद जयपुर से मेडिकल टीम उदयपुर पहुंची, और दोबारा पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया शुरू की गई है। मेडिकल कॉलेज और एमबी अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाएं रेजिडेंट हड़ताल के कारण प्रभावित हो रही हैं। प्रशासन और यूनियन के बीच लगातार वार्ता जारी है, लेकिन कोई औपचारिक सहमति अब तक नहीं बन सकी है।

# भगवती बाल गृह बस्सी सहित विभिन्न संस्थानों में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया



**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट, चित्तौड़गढ़। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भगवती बाल गृह बस्सी में योग कार्यक्रम का आयोजन हुआ। अधीक्षक जया तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन जिला कलेक्टर एवं बाल अधिकारिता विभाग के निर्देशानुसार किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने नियमित योगाभ्यास का प्रदर्शन किया। संस्था अध्यक्ष रामगोपाल ओझा ने योग के स्वास्थ्य लाभों पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को नियमित योग करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम योग शिक्षक विनोद व्यास के निर्देशन में संपन्न हुआ। इसी क्रम में नंद घर (वृद्धाश्रम) बस्सी में अधीक्षक वैभव ओझा तथा जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र, चित्तौड़गढ़ में फिजियोथेरेपिस्ट प्रियंका राजोरा के नेतृत्व में भी योग दिवस मनाया गया। निखिल कुमार ओझा ने सभी प्रतिभागियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार जताया। कार्यक्रम में कुलदीप ओझा, प्रेमलता जोशी, चित्रा सुखवाल, विजेंद्र सिंह, पंकज पाराशर, भगवतीलाल पांडिया, अवंतीलाल, मोहनलाल, शोभालाल शर्मा, सुनीता सुथार, विशाल प्रजापत, देवेंद्र प्रजापत, राहुल सुथार, मीना कंवर, पुष्पा कंवर, मोनू वैष्णव, मोहम्मद सलीम सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# जेएसजी इंटरनेशनल फेडरेशन मेवाड़ रिजन की बॉक्स क्रिकेट लीग का भव्य शुभारंभ



**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर। जैन सोशल ग्रुप इंटरनेशनल फेडरेशन (जेएसजीआईएफ) मेवाड़ रिजन की ओर से आयोजित तीन दिवसीय बॉक्स क्रिकेट लीग का शुक्रवार को अर्बन स्क्वायर के पास स्थित फुकेट स्पोर्ट्स एकेडमी में रंगारंग शुभारंभ हुआ। प्रोजेक्ट कन्वीनर नितुल चंडालिया ने पहली गेंद खेलकर लीग का उद्घाटन किया। इस अवसर पर जेएसजीआईएफ मेवाड़ रिजन चेयरमैन अरुण मांडोत, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आर. सी. मेहता, पूर्व चेयरमैन अनिल नाहर, वरिष्ठ मार्गदर्शक मोहन बोहरा, चेयरमैन इलेक्ट पारस ढेलावत, रिजन सचिव आशुतोष सिसोदिया, पीआरओ शुभम गांधी, ग्रीटिंग्स सचिव शुभम कडमलिया, जेएसजी अद्वितीय के चेयरमैन रवि बरोला, स्पोर्ट्स कमेटी के सदस्य राजबाला चंडालिया, प्रशांत भंडारी, चेतन जैन, ओपी चपलोत, विनय नहाटा, ऋषभ खोखावत, मुकेश मुंडलिया, आलोक पगारिया, निर्मल पोखरना, आनंद पटवा सहित विभिन्न ग्रुप्स के संस्थापक अध्यक्ष, अध्यक्षगण एवं सचिवगण उपस्थित रहे।

**पहले दिन के मैचों में रोमांच चरम पर**

चेयरमैन अरुण मांडोत ने बताया कि लीग का पहला मैच लीजेंड्स टीमों के बीच खेला गया। जेएसजी भामाशाह बनाम जेएसजी अनंता मैच में विशाल मेहता ने चार विकेट झटककर मैन ऑफ द मैच का खिताब जीता। जेएसजी मेवाड़ बनाम जेएसजी सुभाष मुकाबले में नरेंद्र मारू की 35 रनों की शानदार पारी ने टीम को जीत दिलाई, वे मैन ऑफ द मैच बने। जेएसजी वात्सल्य बनाम जेएसजी उदयपुर के मुकाबले में मुकेश कुमार मोगरा ने नाबाद 67 रन बनाए और दो विकेट लेकर मैन ऑफ द मैच बने। जेएसजी अर्हम बनाम जेएसजी प्रताप के बीच खेले गए मैच में दर्शन पोरवाल ने नाबाद 1 रन और 2 विकेट लेकर दर्शकों को रोमांचित किया, और मैन ऑफ द मैच बने। जेएसजी उदय बनाम जेएसजी स्टार मैच में पंकज कोठारी ने नाबाद 30 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिलाई। पावर प्ले मैचों में भी दमदार प्रदर्शन जेएसजी उमंग एलिट बनाम जेएसजी णमोकार मैच में विक्की कोठारी ने नाबाद 28 रन बनाए। जेएसजी आईकॉनिक बनाम जेएसजी अरावली में सीए अक्षय जैन ने 15 रन और दो विकेट लेकर मैन ऑफ द मैच का खिताब जीता। जेएसजी नवकार बनाम जेएसजी समता मैच में कल्पना बागरेचा ने दो विकेट झटककर वूमन ऑफ द मैच बनीं। जेएसजी संस्कार बनाम जेएसजी कुटुंब में जितेंद्र जैन की 39 रनों की धुआंधार पारी ने सबका दिल जीता। दिन का अंतिम मैच जेएसजी प्लैटिनम बनाम जेएसजी ऑरा के बीच खेला गया, जिसमें सौरभ ने नाबाद 14 रन और एक विकेट लेकर मैन ऑफ द मैच का खिताब अपने नाम किया। तीन दिनों तक चलेगा क्रिकेट उत्सव यह बॉक्स क्रिकेट लीग केवल खेल नहीं, बल्कि समाज में भाईचारा, सहयोग और सकारात्मकता का संदेश भी दे रही है। आने वाले दो दिन और भी अधिक रोमांच और उत्साह से भरपूर रहने की संभावना है।

# विश्व योग दिवस की 11वीं वर्षगांठ पर हर्षवाटिका में ग्रामीण योग महोत्सव का भव्य आयोजन



**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर। विश्व योग दिवस की 11वीं वर्षगांठ के अवसर पर उदयपुर ग्रामीण क्षेत्र के एकलिंगपुरा स्थित हर्षवाटिका में शनिवार को योग महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। भारतीय मनीषियों की दीर्घकालिक परंपरा अब शहरों से होती हुई गांवों और ग्रामीण अंचलों तक प्रवाहित हो रही है, और यह आयोजन उसी प्रवाह की सशक्त अभिव्यक्ति रहा। योग साधक एवं संवाद प्रभारी जिग्नेश शर्मा ने बताया कि बीते एक माह से सतत रूप से चल रहे योग प्रोटोकॉल अभ्यास का यह समापन समारोह था, जिसमें ग्रामीणों, योग प्रेमियों, आमजन और जनप्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर आयोजन को सफल बनाया। योग का इतिहास और लाभों पर हुआ विस्तार से संवाद कार्यक्रम का संचालन पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी मुकेश पाठक ने किया। उन्होंने योग का इतिहास, संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा योग को मिली वैश्विक मान्यता, योग के लाभ, और अभ्यास करते समय रखी जाने वाली सावधानियों पर विस्तार से जानकारी दी। योग प्रशिक्षिकाएं लक्ष्मी मीणा, किरण कुंवर राठौड़ और शशि पुरोहित ने मिनिट-टू-मिनिट योग प्रोटोकॉल का सजीव अभ्यास करवाया। गणमान्य अतिथियों की रही गरिमामयी उपस्थिति योग सत्र में झामेश्वर मंडल अध्यक्ष कमलेश शर्मा, करणी सेना संभाग प्रमुख परमवीर सिंह दुलावत, शांति लाल डांगी, प्रभु लाल डांगी, लालू लाल डांगी तथा मदन लाल डांगी सहित क्षेत्र के कई प्रमुख योग प्रेमी उपस्थित रहे। योग प्रशिक्षक नरेश पालीवाल, मोहन सिंह शक्तावत और गणेश लाल डांगी ने मंचस्थ अतिथियों का उपरणा पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत-सम्मान किया। पतंजलि योग परिवार उदयपुर एवं अतिथियों द्वारा हर्षवाटिका के संचालक भेरू लाल डांगी, माताजी गुलाबी बाई डांगी और गणेश डांगी को उपरणा, स्मृति चिन्ह और आभार पत्र भेंट कर विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

# 'णमोकार वृक्षम' द्वारा 101 पौधों का वृक्षारोपण, वृक्षों की नगरी बनाने का संकल्प




**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट,उदयपुर। 'णमोकार वृक्षम' अभियान के तहत अशोक नगर से कुम्हारों का भट्टा मार्ग तक 101 वृक्षों का वृक्षारोपण किया गया। इस कार्यक्रम में आरटीएफ निदेशक विवेक दलावत, अशुतोष दलावत, अशोक कुमार पंड्या, सीएफओ विक्की कड़वावत, आरटीएफ स्टाफ तथा णमोकार अभियान से जुड़े मुख्य संयोजक मुकेश मुंडलिया, दिलीप नागदा, बसंत पंचोली, मुकेश राकेश, अशोक अग्रवाल, राजेंद्र जैन सहित कई सदस्य उपस्थित रहे। मुख्य संयोजक मुकेश मुंडलिया ने बताया कि लगाए गए सभी वृक्षों की देखरेख ट्रस्ट द्वारा की जा रही है। पूर्व उपमहापौर व पर्यावरण प्रेमी पारस सिंघवी की संस्था 'आत्मीयजन पारस' के माध्यम से रोजाना टैंकर से जल आपूर्ति की जा रही है। ट्रस्ट ने सभी उदयपुरवासियों से आह्वान किया है कि वे अपनी माता, परिजनों अथवा संस्थानों के माध्यम से इस मुहिम से जुड़ें ताकि आने वाले वर्षों में उदयपुर को 'वृक्षों की नगरी' के रूप में पहचाना जा सके।

**समाचार भेजने के लिए हमारी मेल आई-डी पर संपर्क करें -**
desk24newsupdate@gmai.com

# आईसीएआई उदयपुर शाखा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सप्ताह पर 5 दिवसीय भव्य आयोजन सम्पन्न



**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर, 21 जून। द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की उदयपुर शाखा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित 5 दिवसीय योग सप्ताह विविध गतिविधियों और भव्य आयोजनों के साथ संपन्न हुआ। आयोजन का उद्देश्य चार्टर्ड अकाउंटेंट्स व विद्यार्थियों में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना और मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य को प्रोत्साहित करना रहा। शाखा अध्यक्ष सीए राहुल माहेश्वरी ने बताया कि सप्ताह भर चली इस श्रृंखला में निबंध लेखन प्रतियोगिता, स्लोगन लेखन, वीडियो रील मेकिंग, योगा आधारित क्विज़ प्रतियोगिता तथा 21 जून को प्रातः योग शिविर का आयोजन किया गया। इन सभी गतिविधियों में सदस्यों और छात्रों ने बड़ी संख्या में उत्साहपूर्वक भाग लिया। 21 जून को आयोजित योग शिविर में सीए प्रियांश गुप्ता और सीए सुप्रिया मेवाड़ा ने योग प्रशिक्षक के रूप में सहभागियों को विभिन्न योगासन व प्राणायाम सिखाए। योगाभ्यास सत्र का सभी ने आनंद उठाया और इसे अत्यंत लाभकारी बताया। पूरे आयोजन का निर्देशन सीए अरुणा गेल्ड ने किया, जिनके नेतृत्व में आयोजन सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। आयोजन को सफल बनाने में सीए स्वाति जैन, सीए प्रीति नाहर, सीए सविता गुप्ता और सीए तुषार सुराणा ने समन्वयक के रूप में सराहनीय भूमिका निभाई। इस अवसर पर शाखा के उपाध्यक्ष सीए चिराग धर्मावत, सीए कपिल जोशी सहित कई वरिष्ठ सदस्य भी उपस्थित रहे। समापन अवसर पर शाखा सचिव सीए धर्मेन्द्र कोठारी ने सभी प्रतिभागियों, आयोजकों व अतिथियों का आभार प्रकट किया। पूरे योग सप्ताह के दौरान वातावरण योगमय बना रहा और कार्यक्रमों ने न केवल स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को बढ़ाया, बल्कि आईसीएआई उदयपुर शाखा की सांस्कृतिक एवं सामाजिक सक्रियता को भी मजबूती प्रदान की।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।